भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1406
दिनांक 07.12.2021/ 16 अग्रहायण, 1943 (शक) को उत्तर के लिए

जनगणना कार्य फिर से शुरू करना

†1406. श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक:
श्री रविन्दर कुशवाहा:
श्री बिद्युत बरन महतो:
श्री रवि किशन:
श्रीमती माला राय:
श्री श्रीरंग आप्पा बारणे:
श्री सुधीर गुप्ता:
श्री प्रतापराव जाधव:

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण स्थगित हुए जनगणना कार्यों को फिर से शुरू करने के लिए तैयार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने जनगणना कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए विभिन्न राज्यों के जनगणना अधिकारियों के रिक्त पदों को भरा है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य–वार ब्यौरा क्या है और ऐसे पदों को कब तक भरे जाने की संभावना है;

(घ) जनगणना, 2021 में गणना की जाने वाली भाषाओं की कुल संख्या और ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार ने जनगणना के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या सरकार ने इस संबंध में सभी आवश्यक कानूनी औपचारिकताओं को पूरा कर लिया है या तय कर लिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो यह कब तक किए जाने की संभावना है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानंद राय)

लो.स.अता.प्र.सं. 1406

(क): जनगणना 2021 करवाने की सरकार की मंशा 28 मार्च, 2019 को भारत के राजपत्र में अधिसूचित की गई थी।

(ख) और (ग): वर्ष 2020 और 2021 में कुल 372 पद भरे गए हैं। राज्य-वार ब्यौरा दर्शाने वाला एक विवरण अनुलग्नक के रूप में संलग्न है। 1736 पदों को भरने के लिए “कर्मचारी चयन आयोग” और “संघ लोक सेवा आयोग” को मांग भेजी गई है।

(घ): आगामी जनगणना में, प्रत्येक व्यक्ति द्वारा दिए गए उत्तर के अनुसार,मातृभाषा और प्रवीणता के क्रम में दो अन्य ज्ञात भाषाओं के नाम, प्रगणक द्वारा दर्ज किया जाना है।

(ङ) और (च): कोविड-19 वैश्विक महामारी के फैलाव के कारण, जनगणना 2021 और संबंधित फील्ड गतिविधियों को स्थगित कर दिया गया है।

लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1406, दिनांक 07.12.2021

अनुलग्नक

वर्ष 2020 और 2021 के दौरान राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार भरे गए पदों का विवरण

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	पदों की संख्या
1.	दिल्ली स्थित मुख्यालय	36
2.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	2
3.	आंध्र प्रदेश	10
4.	अरुणाचल प्रदेश	8
5.	असम	19
6.	बिहार	16
7.	चंडीगढ़	5
8.	छत्तीसगढ़	11
9.	दिल्ली	6
10.	गोवा	3
11.	गुजरात	9
12.	हरियाणा	7
13.	हिमाचल प्रदेश	6
14.	जम्मू और कश्मीर	6
15.	झारखंड	9
16.	कर्नाटक	17
17.	केरल	17
18.	लक्षद्वीप	3
19.	मध्यप्रदेश	21
20.	महाराष्ट्र	17
21.	मणिपुर	2
22.	मेघालय	4
23.	मिजोरम	4
24.	नागालैंड	4
25.	ओडिशा	19
26.	पुदुचेरी	3
27.	पंजाब	8
28.	राजस्थान	15
29.	सिक्किम	4
30.	तमिलनाडु	16
31.	तेलंगाना	3
32.	त्रिपुरा	4
33.	उत्तर प्रदेश	26
34.	उत्तराखंड	8
35.	पश्चिम बंगाल	24
	कुल	**372**

नोट: संघ राज्य क्षेत्र दादरा एवं नगर हवेली और दमण एवं दीव तथा लद्दाख क्रमशः गुजरात और जम्मू और कश्मीर स्थित जनगणना कार्यालयों द्वारा कवर किए जाते हैं।

*****